**भारत सरकार**
**शिक्षा मंत्रालय**
**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1332**
**उत्तर देने की तारीख 25.07.2022**

**शिक्षा पर खर्च**

**†1332. डॉ. संजय जायसवाल**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या समूची सरकारी स्कूल शिक्षा प्रणाली को प्रत्येक छात्र के लिए उत्तरदायी, महत्वाकांक्षी और परिवर्तनकारी बनाने के उद्देश्य से नीति आयोग के सहयोग से एक नई परियोजना शुरू करने का प्रस्ताव है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या इस परियोजना का उद्देश्य त्रिपक्षीय सहयोग से शिक्षा में मानवीय पूंजी में परिवर्तन लाने के लिए लगातार कार्रवाई करना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) पिछले दो वर्षों के दौरान शिक्षा पर कुल कितना बजट आवंटित और खर्च किया गया है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के संदर्भ में इसका प्रतिशत कितना है और पिछले तीन वर्षों में जीडीपी के प्रतिशत के संदर्भ में शिक्षा पर खर्च में वृद्धि करने के लिए क्या कार्य योजना है?

**उत्तर**
**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)**

(क) से (ग): नीति आयोग और शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से सरकारी स्कूल शिक्षा प्रणाली में कोई नई परियोजना शुरू करने का प्रस्ताव नहीं है। तथापि, नीति आयोग ने सरकारी स्कूल शिक्षा प्रणाली में अधिगम परिणामों में सुधार हेतु 03 राज्यों (झारखंड, मध्य प्रदेश और ओडिशा) के साथ साझेदारी में वर्ष 2017 में मानवीय पूंजी परिवर्तन के लिए सतत कार्रवाई परियोजना (एसएटीएच) शुरू की थी।
(घ): पिछले दो वर्षों के लिए शिक्षा मंत्रालय का बजट अनुमान, संशोधित अनुमान और वास्तविक व्यय निम्नानुसार है:

(करोड़ रुपये में)

| वर्ष | बजट अनुमान | संशोधित अनुमान | वास्तविक व्यय |
|---|---|---|---|
| 2020-21 | 99311.52 | 85089.07 | 84026.71 |
| 2021-22 | 93224.31 | 88001.52 | 81867.58 |

शिक्षा संबंधी बजटीय व्यय के विश्लेषण में नवीनतम उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, शिक्षा पर कुल सरकारी व्यय, कुल बजटीय व्यय के प्रतिशत के रूप में और 2017-18 से 2019-20 तक कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रतिशत के रूप में नीचे दिया गया है:

| वर्ष | 2017-18 (वास्तविक) | 2018-19 (संशोधित अनुमान) | 2019-20 (बजट अनुमान) |
|---|---|---|---|
| बजटीय व्यय के प्रतिशत के रूप में व्यय | 14.75 | 14.89 | 16.07 |
| सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में व्यय | 3.87 | 4.17 | 4.39 |

*****